Title: Need to check the law and order situation in Rewa, Madhya Pradesh.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा): मेरे संसदीय क्षेत्र रीवा में कानून और व्यवस्था की स्थिति बहुत खराब है। वहां पर मोटर-साईकिल, स्कूटर आदि दिन-दहाड़े चोरी हो जाते हैं। पुलिस वाले चोरों को पकड़ने के लिए कुछ नहीं करते हैं और चोर पकड़ में नहीं आते हैं। पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों को बुलाती नहीं है और अपराधी दिन-पर-दिन बढ़ते जा रहे हैं। सत्ताधारी दल के इशारे पर भारतीय जनता पार्टी और विरोधी दलों के लोगों पर झूठे मुकदमें कायम किये जा रहे हैं। एक डाक्टर पर फर्जी मुकदमा कायम किया गया है और उसका चालान पेश नहीं किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि वह तत्काल प्रदेश सरकार को इस दिशा में निर्देश जारी करे, ताकि रीवा जिले की कानून और व्यवस्था की स्थिति सुधर सके।